लखनऊ विधान सभा भ्रमण व राज्यपाल भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव व बजट पर चर्चा सदन में विधान सभा अध्यक्ष सतीस महाना के कक्ष में चर्चा लायंस क्लब के सदस्यों के साथ

पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने चंदा एकत्र करके करवाया महिला का अंतिम संस्कार

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर जिले में अपनी गर्भवती पत्नी की मौत के बाद पैसे के अभाव में उसके अंतिम संस्कावर के लिये लोगों के सामने हाथ फैलाने वाले एक बेबस व्यंक्ति की पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने चंदा एकत्र करके मदद की। ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने चंदे की राशि से शव की अंत्येगष्टि करायी। गरीबी के चलते इलाज नहीं करा पाने की वजह से ही महिला की मौत हो गई। कला तहसील के खजूरी गढ़ी गांव में रहने वाले राम भजन की पत्नी सुनीता गर्भवती थी,लेकिन सोमवार की शाम को उसकी तबीयत खराब हो गई। लेकिन राम भजन के पास इलाज के लिये धन नहीं था। उसका कहना है कि उसने गांव के कई लोगों से उधार में पैसे मांगे मगर किसी ने मदद नहीं की। उसके बाद उसने अपनी पत्नी को नियति के सहारे छोड़ दिया। मंगलवार की रात में उसकी पत्नी ने एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन उसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और बुधवार सुबह तक उसकी मौत हो गयी। राम भजन ने बताया कि तंगहाली की वजह से उसके पास अपनी पत्नी का अंतिम संस्कार करने के लिए पैसे नहीं थे।

गोवा: सिव. अध्यक्ष महाराष्ट्र के अनाथ भाई-बहन के लिए घर बनवाएंगे

पणजी। गोवा विधानसभा के अध्यक्ष रमेश तावड़कर ने कहा है कि वह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के दो नाबालिग और अनाथ भाई-बहन के लिए घर बनवाएंगे। दोनों बच्चे अपने माता-पिता को खो चुके हैं। तवाड़कर ने श्रम धाम पहल शुरू की है जिसके तहत उन्होंने दक्षिण गोवा जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र कानाकोना में जरूरतमंद लोगों के लिए 20 घरों के निर्माण की सुविधा प्रदान की है। विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को कहा कि स्थानीय पंचायत से अनुरोध मिलने पर उन्होंने महाराष्ट्र के मिराज तालुका के अरग गांव के भाई-बहन के लिए इस पहल का विस्तार करने का फैसला किया है। अरग पंचायत के सरपंच एसएस नाइक ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि बच्चों के पिता की वर्ष 2018 में मौत हो गई थी, जबकि वर्ष 2019 में उनकी मां का भी निधन हो गया। पंचायत ने तवाड़कर से बच्चों के लिए घर बनवाने में मदद करने का अनुरोध किया है, जो फिलहाल जर्जर अवस्था में है।

केरल एलडीएफ के विरोध प्रदर्शन पर भाजपा का वार, कहा- देश को बांटने की राजनीति कर रहा है विपक्ष

नई दिल्ली। दिल्ली में कर्नाटक कांग्रेस, केरल एलडीएफ और विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन पर भाजपा ने निशाना साधा है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस गठबंधन देश को बांटने की राजनीति कर रहा है। अनुराग ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस गठबंधन के नेता कभी हिन्दी के खिलाफ, कभी हिन्दू के खिलाफ बयान देते रहते हैं। कांग्रेस देश को बांटने की राजनीति क्यों कर रही है? कांग्रेस गठबंधन का यह प्रयोग क्या है, देश इसका जवाब चाहता है। सभी (विपक्षी दल) अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए एक मंच पर आए हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने जो लोगों को गारंटी दी थी वो फेल होती दिखाई दे रही है, हिमाचल प्रदेश में एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, अब वहां के मुख्यमंत्री अपनी बात से साफ मुकर रहे हैं। साफ है कि कांग्रेस सिर्फ बांटने की राजनीति कर रही है। ईडी की शिकायत पर 17 फरवरी को दिल्ली की अदालत द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल को समन भेजे जाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे।

आठ लाख का इनामी नक्सली चन्द्रन्ना मारा गया, बुधवार शाम हुई थी मुठभेड़

दंतेवाड़ा। जिले के सुकमा-दंतेवाड़ा सीमा पर बुधवार देर शाम हुई मुठभेड़ में 8 लाख के इनामी नक्सली चन्द्रन्ना उर्फ सत्यम को ढेर कर दिया गया है। चंद्रन्ना जगरगुंडा एरिया कमेटी में सक्रिय था। जिला पुलिस अधीक्षक ने चंद्रन्ना के मारे जाने की पुष्टि की है। घटनास्थल पर अभी भी सर्चिंग की जा रही है। सुकमा और दंतेवाड़ा बॉर्डर पर सुरक्षाबलों की टीम का सर्चिंग अभियान जारी है। पुलिस ने मौके से शव और हथियार बरामद किए हैं। जवान पूरी रात मौके पर मौजूद रहे और अभी भी इलाके में सर्चिंग जारी है। जवानों के आज दोपहर तक अभियान समाप्त कर वापस आने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि बुधवार देर शाम सुरक्षाबलों को दंतेवाड़ा और सुकमा बॉर्डर पर नक्सली गतिविधि की जानकारी मिली थी। जिसके बाद सुरक्षाबलों की डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ 231 के यंग प्लाटून की टीम को गोंदपाल्ली, परलागट्टा एवं बड़ेबच्चेली के बीच पहाड़ी जंगल की ओर रवाना किया गया। जहाँ सुरक्षाबलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। इसमें आठ लाख का इनामी नक्सली चन्द्रन्ना उर्फ सत्यम मारा गया।

देश में बनाए गए 10 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट

नई दिल्ली। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अबतक 10 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) बनाए गए हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि देशव्यापी स्वास्थ्य देखभाल को डिजिटाइज करने की पहल के तहत गुरुवार को आभा कार्ड की संख्या 10 करोड़ के पार हो गई है। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, व्यक्तियों को यूनीक हेल्थ कार्ड प्रदान करता है। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड के नाम से भी जाना जाने वाला आभा कार्ड भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली हेल्थकेयर पहचान है। यह आपके मोबाइल नंबर और आधार नंबर का उपयोग करके बनाई गई 14-अंकों की पहचान संख्या है। यह कार्ड आपके सभी चिकित्सा इतिहास के लिए एक डिजिटल हब है, जिसमें पिछले डायग्नोस्टिक रिपोर्ट शामिल हैं। यह फिजिकल फाइलों को मैनेज करने की परेशानी को दूर करता है और विभिन्न लोकेशन में भी हेल्थकेयर प्रोफेशनल के साथ मेडिकल डॉक्यूमेंट को आसानी से शेयर करने की अनुमति देता है।

संसद भवन में अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में अणुव्रत संसदीय मंच द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली (नीति गोपेन्द्र भट्ट)।

अणुव्रत अणुबम से भी ताकतवर,अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य तुलसी ने नेताओं के लिए ही नहीं आमजन के लिए वर्षों पूर्व आचार संहिता बनाई : अर्जुन राम मेघवाल

केंद्रीय कानून,संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री एवं अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों और नेताओं के लिए चुनाव से कुछ समय पूर्व ही आचार संहिता लागू करता है जबकि अणुव्रत अनुशास्ता महान संत आचार्य तुलसी ने अपनी दूरदर्शी सोच से वर्षों पूर्व स्वयं द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से न केवल नेताओं बल्कि आम व्यक्ति के लिए सटीक आचार संहिता बना दी थी जोकि आज भी सर्वाधिक प्रासंगिक है। मेघवाल नई दिल्ली में पुराने संसद भवन के संविधान सदन कक्ष में अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में साध्वीश्री अणिमाश्री जी के सानिध्य में अणुव्रत संसदीय मंच द्वारा ÷ राजनीति का आकाश और अणुव्रत÷ विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिभा भौमिक,विभिन्न प्रदेशों के सांसद गण,साध्वी वृन्द और अणुव्रत की विभिन्न घटक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण उपस्थित रहें। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि यह सुखद संयोग ही है कि देश की आजादी के साथ ही यह वर्ष अणुव्रत का भी अमृत काल वर्ष है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं प्रेक्षाध्यान करते है और अणुव्रत के सिद्धांतों के अनुरूप संकल्प से सिद्धि की भावना से देश की सेवा में जुटे हुए है। मेघवाल ने कहा कि अणुव्रत अणुबम से भी अधिक ताकतवर है,क्योंकि अणुव्रत रचनात्मकता से भरा हुआ है जबकि अणुबम विध्वंसकारी है। उन्होंने कहा कि अणुव्रत आचार्य महाश्रमण, आचार्य तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा प्रतिपादित अणुव्रत के छोटे-छोटे लेकिन बड़े उद्देश्य वाले सिद्धांतों को तेजी से आगे बढ़ा रहें है। मेघवाल ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी और सुषमा स्वराज के बाद उन्हें अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक का दायित्व मिलना सौभाग्य का विषय है।

भारतीय संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान- साध्वी अणिमाश्री

इस अवसर पर अपने आशिवर्चन में साध्वी अणिमाश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सानिध्य में अयोध्या में भगवान राम लला की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होना पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति की मर्यादा, सत्य, चरित्र और मर्म के साथ ही हमारे सनातन धर्म के वसुधैव कुटुम्बकम् की भावनाके साथ ही एक विश्व,एक समाज और एक चुनाव का संदेश देने वाला है। साध्वी अणिमाश्री ने कहा कि आज दुर्भाग्य से दुनिया आतंकवाद की समस्या के दंश से घिरी हुई है और इससे आचार्य तुलसी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों से ही उबरा जा सकता है। इस मौके पर इंदौर के सांसद शंकर लाल लालवानी,जम्मू कश्मीर के जुगल किशोर, वडोदरा की रंजना भट्ट,जयपुर के राम चरण बोहरा, सिरसा की सुनीता दुग्गल, मेरठ के राजेन्द्र अग्रवाल, कर्नाटक के लहर सिंह सिरोया, महसाना की शांता बहन आदि ने अणुव्रत संसदीय मंच की सराहना करते हुए संयम, अपरिग्रह, नैतिकता, सत्य, अहिंसा के मूल मंत्रों को अंगीकार करने के साथ ही युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अणुविभा की संगठन मंत्री डॉ कुसुम लुनिया ने बताया कि अणुव्रत जीवन परिष्कार की भव्य प्रक्रिया है। इसके शाश्वत मूल्यों के साथ ही सांसद राजनीति के आकाश में स्थिर रह सकते हैं। संगोष्ठी के अंत में महामंत्री भीखम सुराणा ने सभी का आभार ज्ञापन किया। संगोष्ठी में सांसद राहुल कस्वां, रतन सिंह,गीता बेन रतवा,मितेश भाई पटेल के साथ ही अणुव्रत विश्व भारती के ट्रस्टी तेज करण जैन,सलाहकार कैलाश चंद्र जैन, उपाध्यक्ष, राजेश महाचंद सुराणा, जैन तेरापंथ समाज दिल्ली के अध्यक्ष सुखराज सेठिया, अणुव्रत इतिहास के संयोजक प्रमोद कुमार जैन, अणुव्रत आर्बिटेटर बोर्ड के सदस्य शांति लाल जैन, जनप्रतिनिधि सम्मेलन के संयोजक बाबूलाल दुग्गड, बीकानेर संभाग के प्रभारी विनोद कुमार बाछावत, पदम चंद दफ्तरी, अणुव्रत समिति दिल्ली के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, सचिव राजेश कुमार जैन, अनुविभा के सलाहकार सुरेश राज जैन, कानूनी सलाहकार नवनीत दुग्गड, नवीन शर्मा, अणुव्रत से जुड़े गोपेन्द्र नाथ भट्ट और अणुव्रत ट्रस्ट के शांति लाल जैन पटावरी आदि भी मौजूद थे।

सांसद ने लोकसभा में उठाया धौलपुर भरतपुर के जाट समाज को आरक्षण देने का मुद्दा

***नई दिल्ली।** माननीया भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने दिनांक 08.02.2024 को लोकसभा में भरतपुर व धौलपुर जिले के जाट समाज को आरक्षण देने का मुद्दा उठाया। मा0 सांसद ने कहा कि जिस तरीके से राजस्थान के अंदर सभी जिलों में आरक्षण दिया गया है लेकिन मेरे भरतपुर व धौलपुर के जाट भाईयों को आरक्षण नहीं दिया गया है, सदन के माध्यम से सांसद महो0 ने अवगत कराया कि इन भाईयों को आरक्षण दिया जावें जिससे कि युवा पीढी का भविष्य उज्जवल रहे।*

बेंगलुरु के दो छात्र संयुक्त राज्य अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और इंजीनियरिंग फेयर में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

-डॉ. अनुभा जैन
जर्नलिस्ट ऑथर



बेंगलुरु। बेंगलुरु की नीव अकादमी के 11वीं कक्षा के दो छात्र ध्रुव रामू और अखिलेश बालाजी की जोड़ी को इस साल मई में संयुक्त राज्य अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और इंजीनियरिंग फेयर में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। अखिलेश और ध्रुव ने गोलाकार मायोपिया और हाइपरोपिया सुधार पर केंद्रित एक वास्तविक समय दृष्टि सुधार परियोजना बनाई। उनके विचारों में वास्तविक समय सुधार शामिल था जब दृष्टि सुधार तब होता है जब आकृति स्क्रीन के साथ चलती है और रंग विकृतियों को समाप्त करती है। अशोक विश्वविद्यालय में अपने शिक्षकों और प्रोफेसरों की देखरेख और मार्गदर्शन में ध्रुव और अखिलेश ने अशोका में एमफैसिस प्रयोगशाला में अपना शोध किया। अपने प्रयासों के माध्यम से, उन्होंने जनवरी 29 और 30, 2024 में आयोजित इनोवेशन फॉर रिर्स्च और इनोवेशन इन स्टेम (आईआरआईएस) राष्ट्रीय विज्ञान फेयर में अनुसंधान और नवाचार के लिए एक भव्य पुरस्कार जीता। यह उल्लेख करना उचित है कि आईआरआईएस युवा भारतीय नवप्रवर्तकों के बीच विज्ञान प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) अनुसंधान को बढ़ावा देता है और उसका पोषण करता है। यह उत्कृष्ट परियोजनाओं को मान्यता देता है और पुरस्कृत करता है और युवा नवप्रवर्तकों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एसटीईएम कार्यक्रमों में मान्यता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इन बालकों के नवीन विचारों को नवीन अवधारणाओं के साथ जोड़ा गया, और बेहतर सटीकता ने फेयर में शीर्ष सम्मान प्राप्त करने में मदद की। अखिलेश ने मुझसे बात करते हुये कहा, ''शुरुआत में हमने 2023 में एक हैकथॉन में हेल्थकेयर की थीम पर एक प्रोजेक्ट किया था. हमने अतीत में किए गए ऐसे ही प्रोजेक्ट पढ़े हैं। हमने आईआरआईएस के इन प्रोफेसरों के मार्गदर्शन में फिर से परियोजना शुरू की। अखिलेश ने आगे कहा, इस दोरान मैंने सिग्नल प्रोसेसिंग की गहरी समझ सीखी है। अखिलेश के पास भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित है, जबकि ध्रुव के पास जीवविज्ञान विषय है। उनके कौशल सेट अनुसंधान में एक दूसरे के पूरक थे। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एसटीईएम (आईआरआईएस) राष्ट्रीय फेयर में अनुसंधान और नवाचार के लिए पहल, एक्सस्टेम्पलर एजुकेशन लिंकर्स फाउंडेशन द्वारा ब्रॉडकॉम और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और समर्थित एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी कार्यक्रम है। आईआरआईएस राष्ट्रीय फेयर के विजेता संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित रेजेनरॉन इंटरनेशनल साइंस एंड इंजीनियरिंग फेयर (आईएसईएफ) में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

श्रद्धा और विश्वास से होती है ईश्वर प्राप्ति : उपप्रवर्तिनी दिव्यप्रभा जी

भीलवाड़ा (अमृत इंडिया)।

श्रद्धा और विश्वास से होती है ईश्वर प्राप्ति गुरूवार को अहिंसा भवन शास्त्रीनगर मे आयोजित धर्मसभा में उप प्रवर्तिनी दिव्यप्रभा ने सैकड़ों श्रध्दालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव के मन में परमात्मा के प्रति श्रद्धा और भक्ति हो जाए तब विश्वास रूपी शिव को पा सकता है।श्रद्धा हो लेकिन विश्वास न हो तो काम नहीं बनता है। विश्वास हो और श्रद्धा का अभाव हो तब भी काम नहीं बन सकता है। जब ये दोनों मिल जाते हैं तो मन में प्रेम जागृत होता है। इसी प्रेम से प्रभु की प्राप्त कर सकता है। परमात्मा के प्रति श्रद्धा और विश्वास के साथ अपना सब कुछ सौंप कर गुरु के बताए मार्ग पर चलकर प्रभु का भजन करे यही मानव धर्म है। तभी वो जीवन को सार्थक बनाकर अपनी आत्मा को परमात्मा बना पाएगा। इसदौरान साध्वी निरूपमा ने कहा कि आत्मा अजर अमर अविनाशी है शरीर मरता हैं आत्मा नहीं प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने बताया इसदौरान भादसोड़ा श्रीसंघ के अध्यक्ष रोशनलाल बोहरा उपाध्यक्ष हस्तीमल बोहरा मंत्री रमेश चंडालिया महेंद्र चोरड़िया युवा अध्यक्ष अनिल चंडालिया आदि पदाधिकारी ने उपप्रवर्तिनी दिव्यप्रभा को वर्ष 2024 के चातुर्मास केलिए साध्वी वृंद को विनती पत्र प्रदान किया उन सभी अतिथि पदाधिकारियों का अहिंसा भवन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बाबेल, ओमप्रकाश सिसोदिया, विनोद बोहरा मंत्री दिनेश बोहरा सरदार सिंह कावड़िया ने शोल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

शुक्रवार को प्रवचन के प्रश्चात साध्वी मंडल न्यू आजाद नगर विहार करके पधारेंगे।

विकसित व उन्नत राजस्थान की संकल्पना के साथ सर्वांगीण विकास वाला बजट : राजू मंगोड़ीवाला

जयपुर। भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने भाजपा की डबल इंजन राज्य सरकार का पहला अंतरिम बजट राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक एवं दूरदर्शी पहल बताया।संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दिया कुमारी जी ने बजट में विकसित, अग्रणी, समृद्धएवं खुशहाल राजस्थान बनाने के विजन की शानदार शुरुआत की है, जो आगामी दिनों में धरातल पर साकार होकर प्रदेश की जनता को लाभान्वित करेगी।राजस्थान से जुड़े व वंचित क्षेत्रों में शिक्षा,चिकित्सा व प्रशासनिक तथा धार्मिक क्षेत्र में की गई घोषणा से पूर्व में लम्बित माँगो को गति मिलेगी। मंगोड़ीवाला ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार के पाँच साल के अंतर्कलह व ठप्प विकास से विरासत की वजह से 5.79 लाख करोड़ का बड़ा कर्जभार मिला। प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि भाजपा की सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा के कुशल नेतृत्व से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की ओर अग्रसर होते हुये प्रदेश की जनता से किये वादों को पूरा करने में सतत रूप से गतिशील है। राज्य सरकार की इस बजट में रू. 450 में गैस सिलेंडर , प्रदेशवासियों को 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली की घोषणा से जररुरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी।मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान - 2.0 शीघ्र ही प्रारंभ करने के आव्हान के साथ लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये की राशि का बजट की स्वीकृति हर घर स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने पर कार्य करेगी।लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत बेटी के जन्म पर ?1लाख सहित 70 हजार नई सरकारी नौकरियों की घोषणा की है.। अल्प आय वर्ग एवं सीमांत किसानों के बच्चों को केजी से पीजी तक की शिक्षा फ्री। इसके अलावा गाय पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज़ पर गोपाल कार्ड दिया जाएगा जिसमें एक लाख का ब्याज रहित लोन मिलेगा। पुलिस थानों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन होगा जिसके मकसद महिलाओं और छात्राओं से छेड़खानी के मामलों पर रोक लगाना और एक्शन लेना व 100 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट बनेगा।

राजनीति का आकाश और अणुव्रत विषयक सांसद संगोष्ठी

नई दिल्ली। नई दिल्ली के पुराने सांसद भवन में अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के तत्वावधान में अणुव्रत संसदीय मंच द्वारा राजनीति का आकाश और अणुव्रत विषयक संगोष्ठी संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे साध्वीश्री अणिमाश्री जी के सानिध्य प्राप्त हुआ साध्वी श्री ने कहा कि सयंम आत्मानुशासन से ही संभव है। आपने सांसदों का आह्वान किया कि जन प्रतिनिधियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे स्वयं के साथ समाज में नैतिकता और चारित्रिक उन्नयन तथा नैतिकता को पुनर्जीवित करने का प्रयास करें तो बुराइयों, नैतिक ह्रास एवं पतन को रोका जा सकेगा। अणुव्रत गीत से साध्वीश्री सुधाप्रभा जी, साध्वीश्री सम्यक्तवयशा जी व समणी स्वर्णप्रज्ञा नें मंगलाचरण किया। अणुविभा अध्यक्ष अविनाश नाहर ने अपने स्वागत भाषण में अणुविभा द्वारा संपादित किये जा रहे विभिन्न प्रकल्पों को सांसदो के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनसे सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। केंद्रीय कानून, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री एवं अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि अणुव्रत अनुशास्ता महान संत आचार्य तुलसी ने अपनी दूरदर्शी सोच से वर्षों पूर्व स्वयं द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से न केवल नेताओं बल्कि आम व्यक्ति के लिए सटीक आचार संहिता बना दी थी जोकि आज भी सर्वाधिक प्रासंगिक है यह सुखद संयोग ही है कि देश की आजादी के साथ ही यह वर्ष अणुव्रत का भी अमृत काल वर्ष है। इस मौके पर इंदौर के सांसद शंकरलाल लालवानी, जम्मू कश्मीर के जुगल किशोर, वडोदरा की रंजना भट्ट, जयपुर के राम चरण बोहरा, सिरसा की सुनीता दुग्गल, मेरठ के राजेन्द्र अग्रवाल, कर्नाटक के लहर सिंह सिरोया, महसाना की शांता बहन आदि ने अणुव्रत संसदीय मंच की सराहना करते हुए संयम, अपरिग्रह, नैतिकता, सत्य, अहिंसा के मूल मंत्रों को अंगीकार करने के साथ ही युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। संगोष्ठी में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिभा भौमिक, सांसद राहुल कस्वां, रतन सिंह, गीता बेन रतवा, मितेश भाई पटेल के साथ ही अणुविभा के ट्रस्टी तेजकरण जैन, सलाहकार कैलाशचंद्र जैन, उपाध्यक्ष राजेश सुराणा, तेरापंथ सभा दिल्ली के अध्यक्ष सुखराज सेठिया, अणुव्रत इतिहास के संयोजक प्रमोद कुमार जैन, अणुव्रत आर्बिटेटर बोर्ड के सदस्य शांतिलाल जैन, जनप्रतिनिधि सम्मेलन के संयोजक बाबूलाल दुग्गड, बीकानेर संभाग के प्रभारी विनोद कुमार बच्छावत, पदमचंद दफ्तरी, अणुव्रत समिति दिल्ली अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, सचिव राजेश कुमार जैन, अणुविभा के सलाहकार सुरेश राज जैन, कानूनी सलाहकार नवनीत दुग्गड, नवीन शर्मा और अणुव्रत ट्रस्ट के शांतिलाल जैन पटावरी आदि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अणुविभा की संगठन मंत्री डॉ कुसुम लुनिया ने किया आभार ज्ञापन अणुविभा महामंत्री भीखम सुराणा ने किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के ब्लैक पेपर लाने पर साधा निशाना

नई दिल्ली। राज्यसभा में सांसदों के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के ब्लैक पेपर लाने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ...आज देश पिछले 10 साल में समृद्धि के नए-नए शिखर छू रहा है। एक भव्य-दिव्य वातावरण बना है और उसको नज़र ना लग जाए, इसीलिए काला टीका करने का आज प्रयास हुआ है। मैं उसके लिए भी मल्लिकार्जुन खड़गे का बहुत धन्यवाद करता हूं ताकि हमारी इस प्रगति की यात्रा को कोई नज़र ना लग जाए...मैं उसका (ब्लैक पेपर का) भी स्वागत करता हूं, क्योंकि जब भी अच्छी बात होती है तो काला टीका, नज़र ना लग जाए, इसीलिए बहुत जरूरी होता है.... प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर दो वर्ष के बाद इस सदन में इस प्रकार का प्रसंग आता है लेकिन ये सदन निरंतरता का प्रतीक है। लोकसभा 5 साल के बाद नए रंग रूप के साथ सज जाती है। ये सदन हर 2 वर्ष के बाद एक नई प्राण शक्ति प्राप्त करता है। एक नई ऊर्जा प्राप्त करता है। एक नए उमंग और उत्साह का वातावरण भर देता है।

मोदी ने कहा कि इसलिए हर दो साल में होने वाली विदाई, वो विदाई एक प्रकार की विदाई नहीं होती। वो ऐसी स्मृतियों को यहां छोड़ कर जाते हैं, वो आने वाले नए बैच के लिए अनमोल विरासत होती है। कुछ लोग जा रहे हैं, हो सकता कुछ लोग आने के लिए जा रहे हैं।